रोहतक

सोमवार, 24 मार्च 2025

चैत्र मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 52

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 35.0

न्यून. 11.6

## सेक्टर 9 में हुई घटना मामले में बड़ा खुलासा

# बहादुरगढ़ ब्लास्ट हादसा नहीं साजिश : हरपाल ने ही पत्नी और 3 बच्चों को मार डाला, फिर पेट्रोल डालकर जलाया

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** सेक्टर-9 स्थित मकान में हुए ब्लास्ट के मामले में रविवार को नया मोड़ आ गया। यह घटनाक्रम कोई हादसा नहीं, बल्कि परिवार के मुखिया की सोची समझी साजिश थी। आरोपित कारोबारी हरपाल सिंह ने पहले नींद की गोलियां खिलाकर पत्नी, बेटी और दो बेटों को बेहोश किया। फिर रस्सी, हाथों से गला दबाया और तेज हथियार से वार किए। इसके बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया। उसने खुद को भी मारने का प्रयास किया, लेकिन भय के चलते अपने कदम पीछे खींच लिए। मकान से पुलिस को बोतल में पेट्रोल और एक नोट मिला है। नोट में उसने अपनी बहन व जीजा पर गंभीर आरोप लगाते हुए पूरी कहानी बयां की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या की धारा के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। अब हरपाल को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। रविवार को डीसीपी मयंक मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में पूरे मामले का खुलासा कर दिया। बता दें कि शनिवार की शाम सामने आए मामले को पहले एसी के कंप्रेसर में विस्फोट से होने वाला हादसा माना जा रहा था, लेकिन घर में मिली पेट्रोल की बोतल सहित अन्य सबूतों ने हत्याकांड के सारे राज खोल दिए।

पुलिस ने आरोपित कारोबारी को किया गिरफ्तार

- घायल अवस्था में पीजीआई में भर्ती कराया गया था, यहां से चुपचाप निकल गया हरपाल
- **जीजा और बहन पर पैसे हड़पने के आरोप**
- आरोपित ने बच्चों और पत्नी को नींद की गोलियां खिलाई



**आज कोर्ट में पेश किया जाएगा :** डीसीपी मयंक मिश्रा ने कहा कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने वारदात कबूल कर ली है। मामले में जीजा व बहन से चल रहे प्रॉपर्टी विवाद के बाद यह वारदात अंजाम दिए जाने की बात सामने आ रही है। बिजनेस लॉस की भी वजह हो सकती है। मुख्य आरोपित हरपाल को सोमवार को अदालत में किया जाएगा।

### चार शव मिले थे

सेक्टर-9 में स्थित एक मकान में शनिवार शाम को धमाके के साथ आग लग गई थी। हरपाल नाम का शख्स घायल मिला। जिसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया, जबकि कमरे में चार शव मिले थे। ये शव हरपाल की पत्नी संदीप कौर (38), बेटी चहक(11), बेटा जसकीरत(17) और सुखविंदर(9) के थे। प्रारंभिक तौर पर मामले को हादसा माना जा रहा था, लेकिन जांच में एक बोतल में पेट्रोल व सुसाइड नोट बरामद हुआ। जब पुलिस ने वह नोट पढ़ा तो पूरा मामला साफ हो गया। सामने आया कि यह हादसा नहीं था, बल्कि हरपाल साजिश थी। उसी ने पहले बीवी बच्चों की हत्या की और उन्हें आग के हवाले किया। बाद में खुद भी मरने की कोशिश की।

### उत्तराखंड का है हरपाल

सरदार हरपाल सिंह (48) उत्तराखंड के रुद्रपुर का रहने वाला है। वह ट्रांसपोर्टर है। 12 पेज के नोट में हरपाल ने अपनी बहन व जीजा पर आरोप लगाए हैं। उसने लिखा कि मैं पूरे परिवार के साथ आत्महत्या कर रहा हूं। इसकी वजह मेरे जीजा दलजीत व बहन परविंद्र हैं। इन्होंने धोखाधड़ी से मेरे मकान की अपने नाम रजिस्ट्री करा ली। वर्ष 2017 में मेरे बेटे का अपहरण कराया। हर जगह मुझे व परिवार को बदनाम किया। मैंने बच्चों को उनसे बचाने की कोशिश की। इसलिए यहां सेक्टर 9 में गलत पहचान देकर मकान किराये पर लिया। अब भाग भाग कर थक गया हूं। इसलिए परिवार सहित मौत को गले लगा रहा हूं।

## औरंगजेब हमारे आइकॉन नहीं हो सकते : होसबाले

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा, क्या औरंगजेब भारत के लोगों के लिए आइकॉन हो सकता है। आक्रांता हमारे आइकॉन नहीं हो सकते। इस पर चिंतन की जरूरत है। हमलावर सोच देश के लिए खतरा है। देश में धर्म के आधार पर आरक्षण मंजूर नहीं किया जा सकता। होसबाले ने कर्नाटक में सरकारी कॉन्ट्रैक्ट में 4% मुस्लिम आरक्षण पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा-डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं किया गया है। कर्नाटक सरकार ने हाल ही में आरक्षण को लेकर बिल पास किया है। यह संविधान का उल्लंघन है। बेंगलुरु में आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिन की बैठक का रविवार को आखिरी दिन था। होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवाद को लेकर बयान दिया।



हमलावर सोच देश के लिए खतरा, धार्मिक आरक्षण नामंजूर

(संबंधित पैकेज पेज 7 पर)

## भगोड़े हीरा कारोबारी चोकसी को भारत लाने की तैयारी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** गीतांजलि जेम्स के मालिक और 13,850 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के मुख्य आरोपित मेहुल चोकसी को भारत लाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। वह पत्नी प्रीति चोकसी के साथ बेल्जियम में रह रहा है। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के बाद 2018 में भारत से एंटीगुआ-बारबूडा भाग गया था। चोकसी को भारत लाने के लिए अधिकारियों ने बेल्जियम सरकार से प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।



### आईपीएल में आज



दिल्ली कैपिटल V/S लखनऊ सुपर

- : समय :- 7.30 PM

- : स्थान :- विशाखापट्टनम

### खबर संक्षेप

## बीजापुरः 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर (हरिभूमि न्यूज)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 11 लाख रुपये के इनामी 6 नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने रविवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इनमें से अयातु पुनेम, पांडु कुंजम, कोसी तमो, सोना कुंजम और लिंगेश पदम पर दो-दो लाख रुपये का इनाम था, जबकि तिबरूराम माडवी को पकड़ने के लिए एक लाख रुपये इनाम घोषित किया था। पुनेम प्रतिबंधित माओवादी संगठन के आंध्र-ओडिशा-सीमा (एओबी) मंडल के तहत प्लाटून नंबर 1 के सदस्य के रूप में सक्रिय था। पांडु और तामो क्रमशः प्लाटून नंबर-9 और प्लाटून नंबर- 10 के पार्टी सदस्य थे। सोना नक्सल संगठन की तेलंगाना राज्य समिति के तहत प्लाटून पार्टी का सदस्य था।'

## प्रदेश में व्यापारियों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना लॉन्च

### कुरुक्षेत्र में सीएम सैनी बोले-सात अप्रैल से लिए जाएंगे आवेदन

# एक लाख से ज्यादा टैक्स का ब्याज व जुर्माना माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कुरुक्षेत्र में प्रदेश के व्यापारियों के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम (एकमुश्त निपटान स्कीम 2025) लॉन्च कर दी। जीएसटी के लिटिगेशन में सालों से फंसे व्यापारियों के लिए यह योजना 3 कैटेगरी में बनाई गई है। पहली कैटेगरी एक लाख से 10 लाख, दूसरी 10 लाख से 10 करोड़ और तीसरी में 10 करोड़ से ऊपर टैक्स वाले व्यापारियों को शामिल किया गया है। तीनों कैटेगरी में ही ब्याज और जुर्माना पूरी तरह से माफ करने की घोषणा की गई है। इसके तहत 10 लाख तक के बकाया राशि वाले करदाताओं को 1 लाख रुपये तक की छूट मिलेगी। एकमुश्त निपटान स्कीम से लाखों छोटे करदाताओं को लाभ मिलेगा। 7 अप्रैल से इस योजना के तहत आवेदन शुरू होंगे। व्यापारी 180 दिन यानि 3 महीने के लिए ही इस स्कीम का लाभ उठा सकेंगे।



### कुरुक्षेत्र में हुआ कार्यक्रम

इस दौरान सीएम ने हरियाणा की सबसे ज्यादा टैक्स देने वाली 5 कंपनियों के संचालकों व विभागों के 5 अधिकारियों को भी सम्मानित किया। सीएम सैनी कुरुक्षेत्र में रविवार को हरियाणा कला परिषद के सभागार में हरियाणा आबकारी एवं काराधान विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### हजारों करदाताओं को लाभ

सीएम ने कहा, एक मुश्त निपटान स्कीम-2025 से हजारों करदाताओं, विषेशकर छोटे दुकानदारों, उद्यमियों व व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह स्कीम करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्त कर एक नई शुरूआत करने का अवसर देगी। यह योजना अप्रैल माह से शुरू हो जाएगी और 180 दिनों अर्थात 6 महीनों के लिए खुली रहेगी। उनकी करदाताओं से अपील है कि वे बकाया का भुगतान जल्द से जल्द करें और योजना का लाभ उठाएं।

### ये तीन श्रेणियां बनाई

**पहली : एक से 10 लाख तक**

- ब्याज और जुर्माना पूरी तरह से माफ।
- मूल राशि का 40 फीसदी देना होगा। 60 फीसदी माफ।
- बकाया कर के भुगतान में 10 लाख पर 1 लाख तक छूट। 2 किस्तों में भुगतान।

**दूसरी : 10 लाख से 10 करोड़ तक**

- ब्याज और जुर्माना पूरी तरह से माफ।
- मूल राशि का 50 फीसदी देना होगा। 50 फीसदी माफ।

**तीसरी : 10 करोड़ से ऊपर**

- ब्याज और जुर्माना पूरी तरह से माफ।
- मूल राशि का 100 फीसदी भुगतान करना होगा।
- 10 लाख के बकाया कर से अधिक की निपटान राशि वाले करदाताओं को 2 किस्तों में अदायगी का विकल्प मिलेगा।

**इन्हें किया गया सम्मानित**

मुख्यमंत्री ने अंबाला जोन के 5 सर्वश्रेष्ठ करदाताओं को सम्मानित किया। इनमें हिन्दुस्तान पेट्रोलियम अंबाला, जीवन बीमा निगम करनाल, मैसर्ज सैनसन पेपर कुरुक्षेत्र, हरियाणा कौशल रोजगार निगम पंचकुला, ब्लयू क्राफ्ट एग्रो प्राईवेट लिमिटेड यमुनानगर शामिल रहे। उत्कृष्ट सेवा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आबकारी एवं काराधान विभाग के 5 अधिकारियों डिप्टी एक्साईज एवं टैक्सेज कमीश्नर करनाल नीरज, डीईटीसी हिसार तरूणा लांबा, ईटीओ गुरुग्राम गौरव, ईटीओ रेवाड़ी परमजीत यादव, एटीओ सोनीपत संदीप पुनिया को सम्मानित किया।

## प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा रेवाड़ी, पारा 35 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

प्रदेश में कई दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। इस सीजन में रविवार सबसे गर्म दिन रहा। रेवाड़ी 35 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। आने वाले दिनों में भी मौसम साफ रहने की उम्मीद है, जिसके चलते दिन में धूप खिल रही है। इससे तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होगी। गर्मी के तेवर तल्ख होने शुरू हो गए हैं। इस बार पंखे एक पखवाड़ा पहले ही चलने शुरू हो गए थे। अब कूलर और एसी की बारी है। रविवार का दिन इस साल का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान पहली बार 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे पहले 14 मार्च को दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 27 फरवरी को रात का तापमान 17.5 डिग्री पर आ गया था। रविवार को न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष 23 मार्च को रेवाड़ी का अधिकतम तापमान 34 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था।



रविवार दोपहर को सूना पड़ा बावल रोड।

### सड़कें होने लगी सूनीं


गर्मी की दस्तक के साथ ही दोपहर में सड़कें भी सूनी होने लगी हैं। इस बार गर्मी की शुरूआत देरी से हो रही है। पिछले दिनों कई हिस्सों में ओलावृष्टि ने तापमान बढ़ने से रोक दिया था। मौसम में बार-बार बदलाव आने के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव लगातार बना रहा। तापमान बढ़ने से सुबह से ही गर्मी तेवर दिखाती रही। सुबह के समय हल्की ठंड का असर भी अब खत्म होने लगा है। रात को पंखे चलने शुरू हो गए हैं।

### क्या कहता है मौसम विभाग

मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक आसमान साफ रहेगा। बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है। तेज हवाएं कुछ दिन तक चलती रहेंगी। तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज किए जाने की संभावना जताई है।

### फसल कटाई का कार्य भी शुरू

यह मौसम फसल की कटाई और थ्रेसिंग के लिए बेहतरीन है। मौसम ने किसानों का अच्छा साथ दिया है। कुछ दिनों तक मौसम मेहरबान बना रहा, तो गेहूं की फसल भी सलामत रहेगी। इससे दोनों फसलों का अच्छा उत्पादन होने की संभावना है। सरसों की कटाई का कार्य भी तेजी से चल रहा है। अगेती गेहूं की फसल की कटाई का कार्य भी शुरू हो गया है। पछेती गेहूं की फसल को अभी भी सिंचाई की दरकार है।



**जज कैश मामला**

## अब घर के बाहर भी 500 के नोट मिलने का दावा

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के बंगले के बाहर भी 500-500 रुपये के अधजले नोट मिलने का दावा किया गया है। यह दावा रविवार को उनके बंगले के बाहर सफाई करने वाले कर्मचारियों ने किया है। उन्होंने कहा कि सफाई के दौरान चार-पांच दिन पहले उन्हें 500 रुपये के अधजले नोट मिले थे। ये नोट सड़क पर पत्तों के बीच पड़े हुए थे। इससे पहले 21 मार्च को जस्टिस वर्मा के बंगले से 15 करोड़ रुपये कैश मिलने की बात सामने आई थी। 14 मार्च को होली के दिन उनके घर में आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गई तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपये के अधजले नोट मिले थे।

### सीजेआई संजीव खन्ना के सवाल

- घर के परिसर में मिले इतने कैश को जस्टिस वर्मा कैसे जस्टिफाई करेंगे?
- जितनी भी रकम मिली है, जस्टिस वर्मा यह भी बताएं कि उसका सोर्स क्या है?
  -15 मार्च की सुबह किस व्यक्ति ने जले हुए नोटों को कमरे से हटाया था?

### ये आदेश दिए

- जस्टिस वर्मा के घर सिक्योरिटी ऑफिसर्स और गार्ड की डिटेल्स भी दी जाए।
- पिछले 6 माह में वर्मा की ऑफिशियल और पर्सनल कॉल डिटेल निकाली जाए।
- जस्टिस वर्मा से अपील की जाती है वो अपने मोबाइल से मैसेज या डेटा डिलीट न करें।

### जस्टिस वर्मा को बताना होगा-कैश आया कहां से?

कैश कांड में जस्टिस यशवंत वर्मा जांच के घेरे में उलझते जा रहे हैं। उनका दावा है कि कैश उन्होंने नहीं रखा, जबकि दमकल दस्ते को करीब 15 करोड़ कैश मिला। यह सच है कि कैश मिला। जस्टिस वर्मा कह रहे हैं कि यह उनका नहीं है। तो फिर यह कैश आया कहां से? किसने उसे रखा? और, इतनी सख्त सुरक्षा घेरे वाले बंगले में कोई यदि घुसा तो कैसे घुसा? इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उनसे जवाब तलब किया है। अब वर्मा को कमेटी के सामने बताना होगा कि इतना पैसा कहां से आया। गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस शील नागु की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इसमें हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। यह कमेटी जांच कर अपनी रिपोर्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंपेगी। जांच पूरी होने तक जस्टिस वर्मा को किसी भी न्यायिक कार्य से अलग कर दिया गया है।

### अप्रैल से कार खरीदना भी हो जाएगा महंगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** एक अप्रैल से ज्यादातर कंपनियों की कारें महंगी होने वाली हैं। मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने सभी मॉडल के दाम 4% तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी भारतीय बाजार में ऑल्टो के-10 से लेकर इनविक्टो तक बेचती है। इनकी कीमत क्रमशः 4.23 लाख से 29.22 लाख (एक्स-शोरूम दिल्ली) तक है। हुंदै मोटर इंडिया भी कारों के दाम 3% तक तक बढ़ाएगी।




## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हस्ताक्षरों की पहचान के लिए नई तकनीक विकसित

**चंडीगढ़।** यह बहुत गर्व और खुशी की बात है कि पंजाब विश्वविद्यालय को फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में आदर्श सॉफ्टवेयर के विकास के लिए भारत सरकार से कॉपीराइट प्रदान किया गया है। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के मानव विज्ञान विभाग के प्रोफेसर केवल कृष्ण के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर संदिग्ध हस्ताक्षरों की पहचान करने के लिए एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल विकसित किया है। इस तकनीक में उन हस्ताक्षरों की पहचान करने की क्षमता है जो फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं, संस्थानों में जांच के अधीन हैं और अन्य संदिग्ध दस्तावेज परीक्षकों को कम समय में और अधिक सटीकता के साथ हस्ताक्षरों की पहचान करने में सहायता कर सकते हैं।

### शहीदों की शहादत से युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत : ज्ञानचंद गुप्ता

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व महापौर पंचकूला कुलभूषण गोयल ने की शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित। हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता व मेयर कुलभूषण गोयल ने शहीदी दिवस के मौके पर शहीद भगत सिंह चौक 11/15 पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के 94वें शहीदी दिवस पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। गुप्ता ने कहा कि युवाओं को शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति की पंक्ति 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा।

### जीवन में बड़ा लक्ष्य ही व्यक्ति को बड़ा बनाता है

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बेरी रोड स्थित पेस स्कूल में आयोजित दूसरे वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा से ही भविष्य बनता है। इसलिए भविष्य आपका है आप बड़ा सोचें, जो बड़ा सोचता है, वहीं बड़ा व्यक्ति बनता है, आप नौकरी पाने के लक्ष्य के लिए पढ़ाई मत करो, नौकरी देने वाले की भावना के साथ मन लगाकर पढ़ाई करो। व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। जीवन में बड़ा सोचोगे तो बड़ा व्यक्ति बनोगे। छात्रों ने तालियों के साथ इन प्रेरक वाक्यों का अभिवादन किया। धनखड़ ने कहा कि आप युवा छात्र हैं। आप अपनी संस्कृति, संस्कार के साथ नवाचार और तकनीक को अपनाओ। आप आज संकल्प कीजिए, जरूर सिद्धि तक पहुंचेगा।

### सौ फीसदी प्रवेश और शून्य ड्राप आउट वाले स्कूलों को मिलेगा स्वर्ण

**चंडीगढ़।** शिक्षा विभाग ने स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र के दौरान बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। सौ फीसदी नामांकन और नए प्रवेश वाले स्कूलों को चिन्हित कर प्रमाण-पत्र और स्वर्ण प्रमाण पत्र दिया जाएगा। ड्राप आउट की चुनौती से निपटने के लिए पंचायतों से सहयोग लेने के साथ ही शिक्षा विभाग कई कदम उठाने जा रहा है। शिक्षा विभाग ने व्यापक योजना भी तैयार की है। हरियाणा के स्कूलों में बच्चों को लाने और ड्राप आउट खत्म करना सरकार तथा शिक्षा विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। राजकीय स्कूलों में दो अप्रैल को आम सभा बैठक का आयोजन होगा, जिसमें चुनौती से निपटने की रणनीति तैयार की जाएगी। पीपीपी डाटा टैगिंग की तर्ज पर शिक्षक ड्राप आउट बच्चों की प्रोफाइल तैयार की जाएगी। विद्यालय मुखिया और अध्यापकों के साथ आंगनबाड़ी वर्कर, नंबरदार व पंचायतों का सहयोग लिया जाएगा। स्कूल प्रबंधन कमेटी प्रधान, सदस्य, बच्चों के अभिभावक, ग्राम पंचायत सरपंच और पंच के साथ स्थानीय नेता मौजूद रहेंगे। प्रवेश उत्सव को लेकर जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल मुखियाओं को जीरो ड्राप आउट का लक्ष्य दिया है।

# हरियाणा में चलेगी जल बचाव की मुहिम, 11 फीसदी पानी बचाने का लक्ष्य

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश अब आने वाले वक्त में पानी बचाओ की विशेष मुहिम चलाकर हरियाणा में पानी बचाने किस दिशा में बड़ा काम करेगा। जानकारी अनुसार आंकड़ों पर गौर करें तो दिसंबर 2028 तक 100 प्रतिशत उपचारित अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग हरियाणा करेगा। बताया जा रहा है कि इन प्रयासों के क्रम में फरवरी 2025 तक 14,570 करोड़ लीटर उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग किया गया। 7.06 लाख एकड़ में फसल विविधिकरण अपनाया इसी क्रम में पंचायत विभाग और तालाब प्राधिकरण ने 1597 तालाबों का निर्माण कार्य और पुनरुद्धार की मुहिम भी छेड़ दी है।

प्राकृतिक खेती पर जोर देने के साथ धान के विकल्पों पर तेजी से काम चल रहा है। इस तरह से हरियाणा में जल बचत को लेकर प्रयास रंग लाने लगे हैं। अभी 11 फीसदी जल बचाया है। प्रदेश ने दिसंबर 2028 तक 100 फीसदी उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अलावा मार्च 2025 के अंत तक ऐसे 50 फीसदी जल का उपयोग होगा। प्रदेश ने अगले दो साल में भी 11 फीसदी से ज्यादा पानी बचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश में पिछले 24 साल में 11.75 मीटर तक भू-जल कम हो गया है। पिछले एक साल में इसमें 1.10 मीटर की कमी दर्ज की गई है।

### नौ जिलों में 53 जल निकाय शामिल



उधर, हरियाणा में धान की सीधी बुवाई (4.53 लाख एकड़ में), फसल विविधीकरण (1.14 लाख एकड़ में) और विभिन्न प्रकार के हस्तक्षेप (7.06 लाख एकड़ में) को बड़े पैमाने पर अपनाया है। कृषि और सिंचाई विभागों के समन्वित प्रयासों से 1 लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में जल-जमाव विरोधी उपायों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। इस वित्तीय वर्ष में नौ जिलों में 53 जल निकायों को लिया गया, जिनमें से 17 पहले ही पूरे हो चुके हैं। जो 109 एकड़ को कवर करते हैं और लगभग 1,066.47 मिलियन लीटर की भंडारण क्षमता रखते हैं, जबकि शेष 36 पर काम चल रहा है, जो 230 एकड़ को कवर करते हैं और लगभग 2,662.16 मिलियन लीटर की भंडारण क्षमता रखते हैं पंचायत विभाग और तालाब प्राधिकरण ने 1597 मौजूदा तालाबों का निर्माण और पुनरुद्धार कार्य शुरू किया है।

### दूरदर्शी बदलाव भारत में पहला प्रयास

जल संसाधन प्राधिकरण ने टिकाऊ जल प्रबंधन और संरक्षण के लिए एक अभूतपूर्व पहल की है, जिसका नेतृत्व चेयरपर्सन केशनी आनंद अरोड़ा ने किया है, जिसने एकीकृत जल संसाधन योजना 2023-26 विकसित करके राष्ट्रीय मिसाल कायम की है। पारंपरिक जल प्रबंधन से एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन की ओर यह दूरदर्शी बदलाव भारत में पहला प्रयास है, जहां सतही और भूजल उपलब्धता दोनों का ब्लॉक-स्तरीय आकलन वैज्ञानिक सटीकता के साथ किया गया है। मांग-आपूर्ति अंतर को व्यवस्थित रूप से निर्धारित करके, एक टिकाऊ, जल-सुरक्षित भविष्य की नींव रखी है। इस मील के पत्थर को आगे बढ़ाते हुए, एचडब्ल्यूआरए ने एकीकृत जल नीति तैयार की। संसाधन कार्य योजना (आईडब्ल्यूआरएपी) के तहत लगभग 6.9 मिलियन टन पानी की मौजूदा कमी को पूरा किया जाएगा। बीसीएम (49.7%) सिर्फ दो साल (वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25) के भीतर। यह अग्रणी ढांचे को आधिकारिक तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर द्वारा लॉन्च किया गया था जून 2023 में जल प्रशासन में हरियाणा के नेतृत्व को मजबूत करेंगे।

### प्रदेश ने 5 बीसीएम से अधिक जल बचाया

राज्य के सभी गांवों को सात अलग-अलग वर्गीकरणों में वर्गीकृत करने का कार्य भूजल स्तर पर असर। इस रणनीतिक हस्तक्षेप के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, हरियाणा 5 बीसीएम (ठीक 5.57 बीसीएम) से अधिक की जल बचत हासिल की है। एचडब्ल्यूआरए द्वारा बनाया गया। मार्च 2025 के अंत तक लगभग 6.9 बीसीएम।

### पहले भी सराहनीय काम

हरियाणा के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है, केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार राज्य ने भूजल पुनर्भरण (2024 बनाम 2023) में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यह उपलब्धि इंटीग्रेटेड वाटर रिसोर्ससेस प्लान के ठोस प्रभाव का प्रमाण है। यह सफलता इस बात को रेखांकित करती है कि वैज्ञानिक नियोजन, बहु-क्षेत्रीय सहयोग और नीति-संचालित क्रियान्वयन के माध्यम से भूजल में गिरावट को रोका जा सकता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित हरियाणा सुनिश्चित किया जा सकता है। इंटीग्रेटेड वाटर रिसोर्ससेस प्लान हरियाणा उपचारित अपशिष्ट जल नीति 2019 के अनुरूप है और महत्वाकांक्षी लेकिन प्राप्त करने योग्य लक्ष्य निर्धारित करता है।

### जिलेवार भू-जल स्तर

| जिला | 2000 | 2024 | अंतर |
|---|---|---|---|
| अम्बाला | 5.46 | 29.25 | -23.79 |
| भिवानी | 22.18 | 34.29 | -12.11 |
| दादरी | 20.88 | 32.27 | -11.39 |
| फरीदाबाद | 9.50 | 20.89 | -11.39 |
| फतेहाबाद | 7.56 | 33.21 | -25.65 |
| गुड़गांव | 15.68 | 30.21 | -14.39 |
| हिसार | 6.65 | 7.16 | -0.51 |
| झज्जर | 4.97 | 4.33 | +0.64 |
| जींद | 6.84 | 15.92 | -9.08 |
| कैथल | 11.32 | 32.68 | -21.36 |
| करनाल | 8.64 | 20.80 | -12.16 |
| कुरुक्षेत्र | 17.87 | 40.64 | -22.77 |
| महेंद्रगढ़ | 29.50 | 51.17 | -21.67 |
| मेवात | 7.72 | 12.27 | -4.55 |
| पलवल | 6.43 | 12.91 | -6.48 |
| पंचकूला | 11.68 | 16.91 | -5.23 |
| पानीपत | 9.85 | 22.60 | -12.75 |
| रेवाड़ी | 14.40 | 32.02 | -17.62 |
| रोहतक | 4.37 | 3.90 | +0.47 |
| सिरसा | 9.61 | 24.01 | -14.40 |
| सोनीपत | 6.83 | 11.42 | -4.59 |
| यमुनानगर | 7.23 | 14.90 | -7.67 |
| कुल औसतन | 11.14 | 22.89 | -11.75 मीटर |

## घरौंडा इंडो-इजराइल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में मेगा सब्जी एक्सपो-2025 का समापन

# किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है सरकार: नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के प्रति गंभीर है। किसानों के हित में अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। इस साल कृषि बजट में 19.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को इजरायल भेजा जायेगा ताकि वे कृषि संबंधी नई तकनीकों से अवगत हो सकें। उन्होंने घरौंडा के इंडो-इजरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में होस्टल और सेमिनार हॉल बनवाने की घोषणा की और 74 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने शहीदी दिवस पर क्रांतिकारी वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की शहादत पर उन्हें नमन किया। साथ ही 'हरियाणा बागवानी' पत्रिका का विमोचन किया व किसानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री आज घरौंडा के इंडो-इजरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय 11वें मेगा सब्जी एक्सपो 2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान हरियाणा की शान हैं। किसानों ने परम्परागत फसल चक्र से निकलकर फलों व सब्जियों की खेती तथा मधुमक्खी पालन में नवाचार व आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाकर एक मिसाल कायम की है। मेगा सब्जी एक्सपो-2025 हमारे किसानों के लिए कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस तीन दिवसीय एक्सपो में किसानों को बागवानी, सब्जी उत्पादन और मधुमक्खी पालन से जुड़ी तकनीकों, उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी के साथ-साथ कई समस्याओं का समाधान मिला है और नई संभावनाओं का भी पता चला है।



### बजट में दी विशेष तरजीह

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी है। किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के बजट 2025-26 में कृषि के बजट में 19.2 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की है। पशुधन के लिए बजट में 50.91 प्रतिशत, बागवानी में 95.5 प्रतिशत, मत्स्य का 144.4 प्रतिशत और सहकारिता का 58.8 प्रतिशत बढ़ाया है। प्रदेश सरकार ने पिछले साढ़े 10 वर्षों में किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत 14500 करोड़ रुपये दिए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि किसान खुशहाल हो।

### गाय खरीद की अनुदान राशि बढ़ाई

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 2025-26 के बजट में देसी गाय की खरीद के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि को 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने का प्रस्ताव किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के चलते किसान बहुमूल्य पानी की बचत करने के लिए ड्रिप सिंचाई, फव्वारा सिंचाई व मल्चिंग का भी प्रयोग कर रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि किसानों को खेती प्रक्रिया में हर कदम पर मदद मिले, यानि बुवाई से पहले और बुवाई के बाद भी और फसल कटाई के बाद भी। सरकार कई तरह की रियायतें व सुविधाएं दे रही है।

### इजरायल से खेती के टिप्स सीखेंगे युवा

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इजरायल और हरियाणा की जलवायु और भूमि में अनेक समानताएं हैं। वहां की टैक्नोलॉजी हमारे लिए सबसे अधिक उपयोगी है। इसलिए हम प्रदेश में फलों, सब्जियों व फूलों की खेती तथा मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में इजरायल की तकनीकों को अपना रहे हैं। हरियाणा के स्किल युवाओं को इजरायल भेजा गया है। वहां से युवा खेती के टिप्स सीखेंगे।

### बदलाव के साथ चलें किसान: कृषि मंत्री

इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि बढ़ती आबाद के कारण जमीन सीमित होती जा रही है। बदलते वातावरण में किसानों को परिवर्तन के साथ चलना होगा। सरकार किसानों की मदद के लिये तैयार है। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों में वैश्विक तरीके से खेती करनी है। भारत कृषि प्रधान देश है।

# बिहार दिवस महोत्सव का गवाह बना चंडीगढ़ का कलाग्राम

**चंडीगढ़।** बिहार सरकार की पहल बिहार फाउंडेशन के पंजाब एवं चंडीगढ़ चैप्टर की ओर से आयोजित केंद्र शासित प्रदेश स्थित कलाग्राम में बिहार दिवस का पहला आयोजन बिहार की लोककला, संस्कृति और क्षेत्र में बिहारी अस्मिता के अमिट हस्ताक्षर के साथ शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। बिहार फाउंडेशन के पंजाब एवं चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉक्टर रूपेश कुमार सिंह ने बताया कि बिहार फाउंडेशन अनिवासी बिहारियों और राज्य के बीच संबंध को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, ये बिहार के विकास में अनिवासी बिहारियों के योगदान की भावना को प्रेरित करता है। कलाग्राम में इस आयोजन में क्षेत्र के कई जानी मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया जिनमें आईपीएस अधिकारी और पंजाब पुलिस के एडीजीपी पीके सिन्हा, पंजाब के ही आईएएस अधिकारी एमपी सिंह, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सचिव और पंचकूला डेवलपमेंट अथॉरिटी के एडिशनल सीईओ और आईआरएस अधिकारी विनय सिंह, हरियाणा के पूर्व गृह सचिव और आईएएस अधिकारी एसएस प्रसाद, भारतीय डाक सेवा की अधिकारी रंजू प्रसाद, पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक जीडी पांडेय और केडी पांडेय (बीसीएस)जैसे प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए, इनके अलावा बिहार विधान परिषद के सदस्य सच्चिदानंद राय और बीजेपी नेता मृत्युंजय झा भी समारोह के हिस्सा बने। ये आयोजन एक महोत्सव की तरह ही था जिसमें आए लोगों ने बिहार की लोक संस्कृति और बिहारी खानपान का आनंद लिया और राज्य के बने उत्पादों की खरीदारी भी की।

### दस लोगों का सम्मान

इतना ही बिहार दिवस कार्यक्रम के दौरान बिहार फाउंडेशन के पंजाब एवं चंडीगढ़ चैप्टर की ओर से ट्राईसिटी (चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला) के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करने वाले बिहारी समाज के दस लोगों को उनकी उपलब्धियों के सम्मानित भी किया गया जिनमें जानेमाने यूरोलोजिस्ट डॉक्टर संतोष कुमार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी राकेश रंजन सहाय, फार्मा क्षेत्र के नवउद्यमी सुधीर कुमार सुमन, जय मधुसूदन जय श्रीकृष्णा फाउंडेशन के जरिए क्षेत्र में पर्यावरण का अलख जगाने वाले प्रभुनाथ शाही, चंडीगढ़ पुलिस की अधिकारी सरिता राय, मैथिल संघ से जुड़े मिथिलाक्षर विज्ञ और 'सरल तिरहुता' के प्रणेता शशिभूषण झा 'नागदह' और खेल के मैदान में उभरती हुई प्रतिभा मास्टर आदित्य शंकर के नाम उल्लेखनीय हैं। प्रभुनाथ शाही के जय मधुसूदन जय श्रीकृष्णा फाउंडेशन ट्रस्ट ने मेहमानों को पौधे उपहार स्वरूप दिए।

# टोल दरें बढ़ाकर फिर लोगों की जेब पर डाका डालेगी सरकार : सैलजा



कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि किसी न किसी बहाने से लोगों की जेब से पैसा निकालने का रास्ता ढूंढ ही लेती है। एक अप्रैल से हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करना महंगा होने जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से टोल टैक्स बढ़ाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वर्तमान समय में प्रदेश के अंदर एनएचएआई की सड़कों पर कुल 55 टोल टैक्स प्लाजा हैं। वहीं, आकलन के आधार पर प्रत्येक टोल प्लाजा पर मौजूदा दरों में 04 से 05 फीसदी के बीच वृद्धि होना संभावित है। दूसरी ओर 60 किमी दूरी से कम पर स्थित टोल प्लाजा आज तक बंद नहीं किए गए है, सरकार को टोल दरों को न्याय संगत बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

# कुछ लोग देश की शांति को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं : अनिल विज



अनिल विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने अमृतसर में हिमाचल प्रदेश की बसों को नुकसान पहुंचाए जाने को लेकर कहा कि ये ठीक काम नहीं हो रहा। देश के फेडरल सिस्टम को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये सारा देश हमारा है और इस देश के जर्रे-जर्रे पर हर हिंदुस्तान का अधिकार है। ये तो भावना ही नहीं आनी चाहिए कि ये पंजाब की है, ये हिमाचल की है, सारी हमारी है। इस प्रकार का व्यवहार करके कुछ लोग देश की शांति को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं इसलिए ऐसी कारवाईयां की जा रही हैं। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे। खड़गे के बयान मेक इन इंडिया डिलीवरी के बजाय प्रचार को प्राथमिकता देने का क्लासिक मामला है, पर प्रतिक्रिया देते हुए विज ने कहा कि डिलीवरी होती है तभी प्रचार होता है।

# 21 जोड़ों के सामूहिक विवाह में पहुंचकर मोहन लाल बड़ौली ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रविवार को गुरुग्राम पहुंचे और मुख्य अतिथि के रूप में सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय जीवन की कामना की। स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से ओल्ड दिल्ली रोड स्थित राजपूत वाटिका में आयोजित विवाह समारोह में 21 बेटियों का विवाह किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर साध्वी आत्म चेतना गिरी जी व श्री श्री 1008 संत रवि पुरी जी महाराज ने वर-वधू को अपने आशीर्वचनों में दांपत्य जीवन को अच्छे से चलाने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर विधायक मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। इस भव्य समारोह में एक साथ दूल्हों की बारात निकाली गई जिसे देखकर हर कोई आश्चर्यचकित था। लोगों ने संस्था द्वारा कराए गए इस आयोजन की जमकर तारीफ की।



### समाज को बड़ा संदेश दे रहा फाउंडेशन

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि स्वास्तिक फाउंडेशन कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए इस तरह के आयोजन करता आ रहा है। स्वास्तिक फाउंडेशन द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए बड़ौली ने कहा कि समाज की बेटियों को अपनी बेटियां मानकर उनकी अपनों की तरह से विदाई करके समाज को फाउंडेशन बड़ा संदेश दे रहे हैं। यह समाज को एकजुट करने का काम है। श्री बड़ौली ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को ज्यादा से ज्यादा इस तरह के कार्यक्रम करने की आवश्यकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने स्वास्तिक फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीब परिवारों को मदद मिलती है। सामाजिक संस्थाओं को इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

## बजट सत्र में नहीं मिल पाएगा राज्य गीत

# राज्य गीत पर सोनीपत और फतेहाबाद के लेखकों के अलावा तीन आपत्तियां और पहुंची

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा का राज्य गीत इस बार के बजट सत्र में भी विधानसभा के माननीयों से हरी झंडी नहीं ले पाएगा। 28 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र के दौरान राज्य गीत नहीं मिल सकेगा। राज्य गीत पर दो अलग-अलग लेखकों की आपत्तियां आने के बाद तीन आपत्तियां सीधे विधानसभा सचिवालय भी पहुंच चुकी है। इस गीत को विधानसभा के इसी बजट सत्र में सुनाया जाना था, लेकिन रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव के नेतृत्व वाली कमेटी को गीत पर आई सभी आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद ही सर्वमान्य राज्य गीत को मंजूरी देकर विधानसभा में पेश करना होगा। 26 से 28 मार्च तक तीन दिन विधानसभा की कार्यवाही चलनी है। बजट सत्र में राज्य गीत पर विधानसभा की मुहर लगने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

### बैठक में कोई सहमति नहीं बनी

विधानसभा की कमेटी ने इन आपत्तियों के निस्तारण के लिए 20 मार्च को बजट सत्र की कार्यवाही के बाद भी बैठक की थी, लेकिन उस बैठक में भी कोई सहमति नहीं बनी। कांग्रेस विधायक दिल्ली लौटने की तैयारी कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिलने चले गए, जिस कारण बैठक में राज्य गीत पर आई आपत्तियों पर समुचित चर्चा नहीं हो पाई। पांच विधायकों की राज्य गीत चयन कमेटी ने गीत को फाइनल कर लिया था, मगर सोनीपत और फतेहाबाद के दो कलाकारों ने लिरिक्स (गीत के बोल) कापी करने के आरोप लगा दिए थे, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। राज्य गीत पानीपत के डा. बालकिशन शर्मा ने लिखा है। तीन मिनट के इस गीत में 21 लाइनें हैं, जिनमें कुरुक्षेत्र की धरती, किसानों, खिलाड़ियों, सैनिकों और दूध-दही के खाने का जिक्र किया गया है।

### ये है डॉ. बालकिशन शर्मा का दावा

डॉ. बालकिशन शर्मा का दावा है कि जिन कलाकारों ने इस गीत पर आपत्ति जताते हुए लिरिक्स चुराने के आरोप लगाए हैं, उनके सबूत देखकर दावा किया जा सकता है कि इससे कई साल पहले गीत लिखा जा चुका था। इसलिए उनकी आपत्तियों में कोई दम नहीं है। इस गीत के गायर कुरुक्षेत्र के डा. श्याम शर्मा और कंपोजर पारस चोपड़ा हैं। रोहतक की मालविका पंडित ने गीत को निर्देशित किया है।

### समीक्षा की जाएगी

सोनीपत की रहने वाली हरियाणवी अभिनेत्री और लेखिका गीतू परी का दावा है कि उन्होंने यह गीत 29 जनवरी 2024 को लिखा था, जिसमें अधिकतर लाइनें ज्यों की त्यों उठाई गई हैं। फतेहाबाद के कृष्ण कुमार का कहना है कि राज्य गीत उन्होंने लिखा है, लेकिन क्रेडिट किसी दूसरे को दिया जा रहा है। इसकी शिकायत उन्होंने सीएम को पत्र लिखकर भी की है। हरियाणा विधानसभा की राज्य गीत चयन कमेटी के अध्यक्ष भाजपा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि जितनी भी आपत्तियां आई हैं, उन्हें दूर करने के बाद ही राज्य गीत फाइनल होगा। इसके लिए एक बार फिर से बैठक कर समीक्षा की जाएगी।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

**शाखा पता** : शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल हॉस्पीटल के सामने, अम्बाला कैंट-133001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए उक्त नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मंगत राम (कर्जदार), नछत्तरी देवी (सह-कर्जदार) रजनी बाला (सह-कर्जदार) संजय (सह-कर्जदार) श्यामो (सह-कर्जदार) NHAMB00001257624 . | दुकान नं. 483/ए और बी और सीबी4 नई क्लॉथ मार्केट, अम्बाला सिटी, अम्बाला 134003 (संदर्भ एलएएन नं. NHAMB00001257624)। सीमाएं - उत्तर : मंगलम साड़ी की दुकान, दक्षिण : सड़क, पूर्व : सड़क, पश्चिम : हरीश चड्ढा की दुकान/कब्जे की तिथि- 20-मार्च-25. | 28-09-2021 रु. 56,22,300/- | अम्बाला |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक : 24 मार्च 2025 स्थान : अम्बाला** — **प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

# जेल में बंदी की मौत पर परिजन बिफरे हंगामा, पीजीआई में होगा पोस्टमार्टम

■ 21 को पेरोल खत्म होने के बाद जेल लौटा था रोहतक का चांद ■ परिजनों ने जेल प्रशासन पर जड़े आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला कारागार में रविवार को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में बंद हवालाती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों ने हवालाती की मौत पर संदेह जताते हुए विरोध जताया और पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया। परिजन पुलिसकर्मियो के साथ उलझ गए। बाद में समझाए जाने पर पोस्टमार्टम कराने को राजी हो गए। नागरिक अस्पताल में विशेषज्ञ में होने के चलते बंदी के शव को खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया गया। जहां पर जूडिशयल मजिस्ट्रेट की देखरेख में बंदी का पोस्टमार्टम होगा। रोहतक निवासी चांद (45) साल 2021 में जीआरपी में दर्ज आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में विचाराधीन बंदी था। जो गत 21 मार्च को जमानत अवधि पूरी होने के बाद वापस जेल में लौटा था।

■ पोस्टमार्टम के दौरान जज भी मौजूद रहेंगे

■ पुलिस ने समझाने पर परिजन पोस्टमार्ट के लिए माने

रविवार सुबह जेल कर्मियों द्वारा उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेल अधिकारियों का कहना है कि बंदी चांद की तबीयत सुबह बिगड़ गई थी। जिस पर उसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। उन्होंने आशंका जताई की चांद की मौत हृदय गति रूकने से हुई है। मौत की सूचना पाकर चांद के परिजन भी नागरिक अस्पताल पहुंच गए और चांद की मौत वर संदेह जताया और पोस्टमार्टम कराने से मना करते हुए विरोध जताया।





जींद। मृतक परिजनों को समझाते हुए पुलिस अधिकारी। इनसेट में मृतक के परिजन। फोटो : हरिभूमि

## परिजन बोले, स्वस्थ थे

मृतक की पत्नी चाहत ने बताया कि उसका पति गत सात मार्च को जमानत पर आया था। 21 मार्च का वह जेल के लिए ठीक-ठाक गया था। उसे हर्ट की कोई दिक्कत नही थी। जब वे मौके पर पहुंचे तो उन्हें बताया कि उसके पति को सुबह नागरिक अस्पताल लाया गया था। उसका पति अपने आप गाड़ी में बैठा था और अपने आप उतर कर अस्पताल में गया था। फिर उसके पति की मौत अचानक कैसे हो गई। मुंह से भी तैलिय पदार्थ निकला हुआ है। मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए।

## पुलिस कर्मचारियों से उलझ गए परिजन

सूचना पाकर चांद का पोस्टर्माटम करवाने पहुंचे पुलिसकर्मियो से परिजन उलझ गए। परिजनों का कहना था कि चांद के मुंह से तैलीय पदार्थ निकल रहा है। चांद की मौत लगभग छह बजे हो चुकी थी। जबकि उन्हें सूचना साढ़े आठ बजे दी गई। सूचना उन्हें तत्काल दी जानी चाहिए थी। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों को समझाया कि मृतक का पोस्टमार्टम ज्यूडिशयल मजिस्ट्रेट की देखरेख मे होगा। मौत की जांच भी उन्ही द्वारा की जाएगी। जिस पर परिजन पोस्टमार्टम कराने को राजी हो गए।

## नागरिक अस्पताल में नहीं बन पाया बोर्ड

रविवार को छुट्टी होने के चलते नागरिक अस्पताल मे अनुभवी चिकित्सक मौजूद नहीं था। जिसके चलते पोस्टमार्टम के लिए बोर्ड नहीं बन रहा था। जिसके चलते मृतक बंदी के शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया। अब बंदी का पोस्टमार्टम वहीं पर होगा।

सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम विशेषज्ञ न होने के कारण बंदी के शव को पीजीआई, खानपुर रेफर किया गया है। वहीं पर ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट की देख रेख मे पोस्टमार्टम पोस्टमार्टम होगा। इसके बाद परिजन मान गए

# घर में घुसकर प्रॉपर्टी डीलर से 20 लाख की रंगदारी मांगी

## आरोपी पर पहले से 17 संगीन केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

श्याम नगर में प्रॉपर्टी डीलर के घर में घुस कर असलहा के बल पर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने प्रोपर्टी डीलर की शिकायत पर एक बदमाश को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ चौथ मांगने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। रंगदारी मांगने वाले बदमाश पर हत्या, लूटपाट, जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। मूल रूप से गांव दालमवाला हाल आबाद श्याम नगर निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रोपर्टी डीलर का कार्य करता है। 20 मार्च की देर रात को उसके गांव का ही पुनीत उर्फ कड़वा लगभग आधा दर्जन युवकों के साथ घर आया। वह घर में घुसे युवकों को नही जानता था। आरोपित ने बताया कि वह पुनीत कड़वा है। उसे पिस्तौल दिखाते हुए 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। आरोपित ने कहा कि 20 लाख रुपये दे दो नही तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार दूंगा। आरोपित उसे दो दिन की मोहलत देते हुए धमकी देता हुआ। अपने साथियों के साथ चला गया। आरोपित पुनीत उर्फ कड़वा के पास पिस्तौल और दूसरे युवकों के हाथ में डंडे थे। उसे और उसके परिवार को कड़वा से जान माल का खतरा बना हुआ है। शहर थाना पुलिस ने विकास की शिकायत पर पुनीत उर्फ कड़वा को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी देने, आर्म्ज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीसीटीवी में कैद आरोपी



■ पुलिस ने आरोपी व उसके साथियों पर केस दर्ज किया, जांच शुरू

### आरोपी जमानत पर बाहर चल रहा

आरोपित पुनीत उर्फ कड़वा के खिलाफ जींद के अलावा प्रदेश में कई स्थानों पर हत्या, लूटपाट, शस्त्र अधिनियम जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। फिलहाल वह जमानत पर आया हुआ है। शहर थाना के जांच अधिकारी समरजीत ने बताया कि शिकायत के आधार पर फिलहाल मामला दर्ज कर दिया गया है। आरोपित की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### फाटक बंद करने पर रेलवे गेटमैन को पीटा

**रेवाड़ी।** डहीना रेलवे स्टेशन के पास औलांत रेलवे फाटक बंद होने से गुस्साए युवक ने गेटमैन की धुनाई कर दी। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। राजस्थान के पिलानी निवासी गेटमैन चंद्रप्रकाश का हेडक्वार्टर डहीना रेलवे स्टेशन है। रविवार सुबह करीब 6 बजे वह डहीना और नांगल मूंदी के बीच रेलवे फाटक की गुमटी में बैठा हुआ था। इसी दौरान एक युवक उसके पास आया। युवक ने उससे पूछा की फाटक बंद क्यों किया हुआ, तो उसने बताया कि फाटक खुला हुआ है। चंद्रप्रकाश ने आरोप लगाया कि इसके बाद युवक ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट करने के बाद वह जान से मारने की धमकी देकर बाहर खड़े बाइक चालक के साथ बैठकर चला गया।

### क्रेडिट कार्ड से लाखों की नकदी साफ, केस

**रेवाड़ी।** साइबर ठगों ने राधास्वामी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से दो ट्रांजेक्शन करते हुए लगभग 1.60 लाख रुपये उड़ा दिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में रूपेश कुमार ने बताया कि उसके पास 7 मार्च को अनजान नंबरों से कॉल आई थी। कॉल करने वाले उससे क्रेडिट कार्ड के बारे में बातचीत की। बातचीत के बाद वह फोन रखकर सो गया। अगले दिन उसके मोबाइल फोन पर क्रेडिट कार्ड से पैसे कटने का मैसेज आया। उसने बैंक जाकर रिकॉर्ड चेक किया तो एक बार उसके कार्ड से 10 हजार रुपये व दूसरी बार में 149800 रुपये काटे गए हैं। उसने दावा किया उसके पास किसी तरह का कोई ओटीपी नंबर नहीं आया। इसके बावजूद उसके कार्ड से धोखाधड़ी करते हुए यह राशि उड़ाई गई है। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी राशि ट्रांसफर की गई है।

### राजमार्गों को बनाया जा रहा सुरक्षित : टम्टा

**फरीदाबाद।** भारत ने विश्वस्तरीय सडक़ों और राजमार्गों के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे हमारे बुनियादी ढांचे और ज्यादा समृद्ध हुए हैं। भारत का रोड नेटवर्क आज विश्व में दूसरे स्थान पर है। यह बात भारत सरकार में माननीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल में आयोजित सर सलामत तो घर सलामत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कही। कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने विश्व सिर पर चोट जागरूकता दिवस के अवसर पर अस्पताल के साथ एक दीर्घकालिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तेजी से काम कर रहा है।

# एमबीबीएस में करा दिया फर्जी दाखिला, 15 लाख रुपये हड़पे

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की सीट दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपए की हड़पने का मामला सामने आया है। मामले में नगर निगम के एक कर्मचारी की पत्नी का भी नाम आया है। एक लडक़ी के जरिए इनसे मुलाकात हुई थी। सेक्टर 58 थाना पुलिस शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर रही है।फरीदाबाद के सेक्टर 58 थाना में दी गई शिकायत में फरीदाबाद के रहने वाले जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि साल 2024 में एनईईटी का पेपर हुआ था। उसकी बेटी ने विभा शर्मा ने भी पेपर दिया था। इसी दौरान उसकी बेटी के जानकार शुभम तिवारी नामक युवक ने बताया कि विभा का दाखिला ईएसआई मेडिकल कालेज एनआईटी 3 में वह करवा सकता है। इसके बाद शुभम ने उनको प्रियंका नामक लडक़ी से मिलाया। प्रियंका ने उनको नगर निगम में कार्यरत मनोज शर्मा की पत्नी मोनिका से मिलवाया। इस दौरान उनकी मुलाकात अपने आपको वकील बताने वाले कृष्णा नामक व्यक्ति से भी कराई गई। सभी ने मिलकर उनको अपने जाल में फंसाया और उनसे एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर 15 लाख रूपए ले लिए।शिकायतकर्ता जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा सारा पैसा मोनिका को दिया गया था। ठगो ने उनको ईएसआई मेडिकल कालेज का एक फर्जी आईकार्ड बनाकर दिया। जिसके बाद कालेज के डीन का फर्जी लैटर भी बनाकर उनको दिया गया। इसी तरह से ठगों ने तमाम दूसरे सभी कागजात तैयार कर उनको दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच की शुरू

# टैंकरों से चोरी किया तेल बेचने जा रहा था पुलिस ने 1800 लीटर डीजल के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

थाना कसोला पुलिस ने टैंकरों से तेल निकालकर पिकअप गाड़ी से राजस्थान बेचने के लिए जा रहे एक व्यक्ति को 1800 लीटर डीजल के साथ काबू किया है। आरोपी के खिलाफ चोरी व ईसी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### ऐसे दबोचा

पुलिस को सूचना मिली थी कि राजस्थान के खानपुर का रहने वाला रशीद खाना टैंकरों से चोरी किए गए डीजल को राजस्थान में बेचने के लिए जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक दीपक को बुलाकर पातुहेड़ा के पास नाकेबंदी कर दी।



इसी दौरान एक पिकअप गाड़ी को रुकने का इशारा किया तो चालक ने गाड़ी भगने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा करते हुए गाड़ी को पकड़ लिया।

चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रशीद खान बताया। पिकअप गाड़ी में 200 लीटर डीजल के 9 ड्रम भरे हुए थे। खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक ने मौके पर ही डीजल के सैंपल लेकर सील किए। पुलिस ने रशीद को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### महंगे दामों पर बिकता है राजस्थान में तेल

करनावास तेल डिपो से रोजाना सैकड़ों टैंकरों में डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति होती है। इनमें से कई टैंकर चालक तेल चोरी करने का कार्य करते हैं। राजस्थान में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत ज्यादा होने के कारण टैंकरों से चोरी किए गए तेल को वहां महंगे दामों पर बेचा जाता है। तेल चोरी का खेल बदस्तूर जारी है। पुलिस नियमित अंतराल के बाद कार्रवाई भी करती है, परंतु चोरी का खेल रुक नहीं रहा है।

# शराब की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार





**फरीदाबाद।** शराब तस्करी के 2 अलग-अलग मामलों मे थाना एनआईटी व पुलिस चौकी अग्रसेन चौक की टीम ने क्रमशः आरोपी गुलशन कुमार व सुमित को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी गुलशन कुमार निवासी एसी नगर, एनआईटी फरीदाबाद को 4-5 चौक एनआईटी 5 से 50 पव्वे देशी शराब सहित व पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने आरोपी सुमित वासी गांव चुलकाना जिला पानीपत हाल तिरखा कॉलोनी फरीदाबाद को तिरखा कॉलोनी से 56 पव्वे सहित से काबू किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्यवाही की गई।

# नारनौल में अवैध खनन में लगे 3 ट्रक व 4 ट्रैक्टर पकड़े





**नारनौल।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला महेंद्रगढ़ में अवैध खनन तथा खनिज के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी की जा रही है। पिछले दो दिनों में पुलिस के सहयोग से खनन विभाग की टीम ने तीन ट्रक तथा चार ट्रैक्टर राजस्थान से अवैध तरीके से बजरी तथा रोड़ी के परिवहन में पकड़े गए हैं। इन पर कुल 21.30 लाख रुपये जुर्माना वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं इस संयुक्त टीम ने पिछले दो दिनों में 500 से अधिक वाहन चैक किए हैं। यह जानकारी देते हुए जिला खनन इंजीनियर डॉ राजेश कुमार ने बताया कि उपायुक्त डॉ विवेक भारती एवं पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के मार्गदर्शन में अवैध खनन पर कड़ी निगरानी की जा रही है। जिला में कहीं भी अवैध खनन नहीं होने दिया जा रहा। उन्होंने बताया कि खनन विभाग के महानिदेशक पांडुरंग लगातार इस मामले में फीडबैक लेते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार-शनिवार को एसएचओ नारनौल, एसएचओ निजामपुर तथा एसएचओ महेंद्रगढ़ के सहयोग से विभिन्न स्थानों से तीन ट्रक तथा चार ट्रैक्टर राजस्थान से अवैध तरीके से बजरी तथा रोड़ी के परिवहन करते पकड़े गए हैं। विभाग ने 21.30 लाख रुपये जुर्माना वसूला।

# श्रीलंकाई महिला से जालसाजी, युवक ने पत्नी के साथ मिलकर पैसे हड़पे, केस

■ आरोपी ने महिला से श्रीलंका में की कोर्ट मैरिज ■ तलाक के बाद भी पहली पत्नी के साथ रह रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

बादशाहपुर थाना में श्रीलंकाई मूल की महिला ने गुरुग्राम के विनीत व ऋचा भारद्वाज (पति-पत्नी) पर जालसाजी कर शादी करने व उसका शारीरिक व आर्थिक शोषण करने को लेकर केस दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता महिला ने दम्पति पर धोखाधड़ी, आपराधिक षड़यंत्र रचने, चोरी, चोट पहुंचाना, बच्चे को खतरे में डालने, आपराधिक विश्वासघात, धन उगाही, दहेज उत्पीड़न, अदालती सम्मन को रोकना, झूठी गवाही, आपराधिक अतिक्रमण व धमकी देने आदि के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### दुष्कर्म का आरोप

महिला का आरोप है कि आरोपी विनीत ने उसे झांसे में लेकर पहले उसकी श्रीलंका की सम्पत्ति बेचकर वहां कोर्ट मैरिज की। इसके बाद उसे भारत में बुलाया और उसका लगातार शारीरिक व आर्थिक शोषण किया। श्रीलंका की मूल निवासी महिला ने बताया कि विनीत से उसकी वर्ष 2006 से पहचान है। विनीत ने उस समय श्रीलंका में उसका फ्लैट किराए पर लिया था। वर्ष 2006-2008 के दौरान उन्होंने श्रीलंका में उसके परिवार और गतिविधियों पर नजर रखी। इसके बाद विनीत ने उसे फिर से ईमेल किया और वर्ष 2013 में श्रीलंका में उससे मिला और उसने झूठ बोलकर और गलत तथ्य प्रस्तुत कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विनीत ने ऋचा से तलाक लेने की बात कही थी। इसके बाद वर्ष 2014 में विनीत की नौकरी चली गई और उसने शिकायतकर्ता महिला से यह कहते हुए पैसे उधार लेने शुरू कर दिए कि उस पर व्यवसाय के लिए कर्ज है, जिसमें से उसे भी लाभ का हिस्सा देगा। महिला ने विनीत पर आरोप लगाया कि वर्ष 2015 में उसे और उसके बेटे अलेक्जेंडर (जो उसके पिछले रिश्ते से वर्ष 2009 में पैदा हुआ था) को श्रीलंका से नेपाल ले जाकर कहा कि वह अलेक्जेंडर को भी स्कूल और अच्छा व्यवसाय देगा।

लेकिन नेपाल जाने के बाद भी विनीत ने महिला का यौन शोषण जारी रखा और जबरदस्ती और भावनात्मक ब्लैकमेल कर उससे पैसे लिए। विनीत ने उसे और अलेक्जेंडर को नेपाल का वीजा लिए बिना एक सस्ते वाइन बार के एक कमरे में रखा। वर्ष 2017 तक विनीत ने महिला व उसके बेटे को भारत के विभिन्न राज्यों और शहरों के होटलों में जगह-जगह ले जाना शुरू कर दिया।महिला ने आरोप लगाया कि विनीत ने उसे सनसिटी के घर का 50 फीसदी हिस्सा देने का वादा किया।

जिसकी कीमत करोड़ों में बताई। इस बहाने घर की ईएमआई चुकाने के साथ-साथ कुछ और रकम ली। आरोप है कि विनीत ने उसकी अलमारी से सनसिटी शीर्षक के कागजात चुरा लिए। विनीत ने बैंगलोर का किराया चुकाए बिना उसे बैंगलोर में छोड़ दिया। जबकि विनीत गुरुग्राम में रहने लगा। इसके बाद वह वापस आई तो उसे दूसरा मकान देने का झांसा दिया।

### पहली पत्नी के साथ केवल कागजों में तलाक

पीड़ति महिला ने आरोप लगाया कि विनीत ने श्रीलंका में कोर्ट मैरिज की और उसके बाद उसे भारत लेकर आया। लेकिन बाद में उसे पता चला कि विनीत व ऋचा ने उसे धोखा देने के लिए केवल कागजों में ही तलाक लिया। जबकि वे दोनों पति पत्नी की तरह रहते रहे और सामाजिक रूप से खुद को शादीशुदा जोड़े के रूप में दिखाते रहे। विनीत ने वर्ष 2023 में उसके सामने कबूल किया कि उसने और ऋचा ने उसे दिखाने के लिए अपने तलाक के कागजात हासिल करने के बाद एक-दूसरे से दोबारा शादी करने की योजना बनाई थी।

# कैथल में नोटिस देने गई पुलिस टीम पर हमला, वर्दी भी फाड़ी

पुलिस के पहुंचने पर आरोपी भाग निकले शिकायत पर पांच युवकों पर केस दर्ज

■ लड़ाई- झगड़े के मामले में कसार के युवक से पूछताछ करने गए थे पुलिस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन

कैथल के गांव कसौर में लड़ाई-झगड़े के मामले में आरोपी को नोटिस देने गई पुलिस टीम पर कई आरोपियों ने मिलकर हमला कर दिया। आरोपियों ने एक पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी। जब चौकी से अन्य पुलिसकर्मियों के आने की सूचना मिली तो सभी आरोपी मौके से भाग गए। मामले में पुलिस ने पांच नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।नोटिस के समय कहे अपशब्द पुलिस चौकी रामथली में तैनात मुख्य सिपाही विजेंद्र कुमार ने गुहला थाना में दी शिकायत में बताया कि 22 मार्च को वह पुलिस टीम के साथ गांव कसौर में आरोपी पिंटू को जांच में शामिल होने का नोटिस देने गया था। आरोपी के खिलाफ लड़ाई-झगड़े के मामले में शिकायत आई थी। जब पुलिस की टीम उसके मकान पर पहुंची तो वहां कई आदमी व औरतें मौजूद थे। जब पिंटू को नोटिस देने के लगे तो वह एकदम से उनको अपशब्द कहने लगा।



सीवन। नोटिस देने गए पुलिस कर्मचारी

### विरोध करने पर पीटा

विजेंद्र ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके मुंह पर थप्पड़ मारा। वहां मौजूद अन्य आदमी व औरतों ने भी पुलिस के साथ मार पिटाई शुरू कर दी। आरोपियों बार-बार कह रहे थे कि अंदर से गंडासी लेकर आओ। बाद में चौकी से अन्य पुलिसकर्मियों के आने की सूचना पर सभी आरोपी मौके से भाग गए। आरोपियों में बिंटू, जितेन्द्र, सुमन, सीनू, अजय व अन्य शामिल हैं। इन्होंने सरकारी ड्यूटी पर होते हुए उसके साथ मारपीट की और वर्दी की खाकी कमीज फाड़ दी है। शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। रामथली चौकी से मामले के जांच अधिकारी रामपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी जांच की जा रही है।

### बैंक मैनेजर के घर से लाखों की नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा में प्राइवेट बैंक मैनेजर के घर से चोरी हो गई। चोरों ने रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। मकान मालिक जगतार सिंह ने बताया कि 21 मार्च की रात को परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। बदमाशों ने पीपल वाला डेरा के नाम से मशहूर घर को निशाना बनाया। बदमाश लाखों की नकदी और जेवरात ले गए। चोर अलमारी से छह लाख रुपए नकदी, पांच तोला सोने और 10 तोला चांदी के जेवरात चुरा ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इधर, पुलिस चौकी उरलाना कलां ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

